।। कार्यालय पुलिस आयुक्त, आयुक्तालय जोधपुर।।

प्रेस नोट

@CP_Jodhpur jodhpurpolice CP Jodhpur

दिनांकः—27.09.2025

कमिश्नरेट स्पेशल टीम (सी.एस.टी.) की डीजल व पेट्रोल चोर गिरोह के विरूद्व कार्यवाही

- **02 मुख्य आरोपी सहित कुल 11 व्यक्ति गिरफ्तार।**
- **01 बडा टैंकर, 01 पिकअप वाहन, 01 इसूजू वाहन व 01 दुपहिया वाहन जब्त।**
- **लगभग 30,000 लीटर डीजल, पेट्रोल, बायो डीजल व थिनर सहित चोरी व मिलावट के लिए प्रयुक्त अन्य उपकरण जब्त।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय श्री ओम प्रकाश के आदेशानुसार, श्रीमान पुलिस उपायुक्त महोदय जोधपुर पश्चिम श्री विनीत कुमार बंसल के निर्देशानुसार एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त वृत बोरानाडा श्री आनन्द सिंह राजपुरोहित के निकट सुपरविजन मे आयुक्तालय जोधपुर में चल रही अवैध बायोडीजल की सप्लाई एवं डीजल तथा पेट्रोल चोरी एवं मिलावट के विरूद्व कार्यवाही करने के विशेष अभियान की कडी में कमिश्नरेट स्पेशल टीम ने पुलिस थाना विवेक विहार जोधपुर पश्चिम के हल्का क्षैत्र में सालावास रेलवे क्रोसिंग के पास स्थित नरेन्द्र एवं इमाम के बाडे में दबिश देकर अवैध रूप से डीजल एवं पेट्रोल में थिनर की मिलावट करते हुए एवं चोरी करते हुए रंगे हाथो मौके पर पकडने में सफलता प्राप्त की।

पुलिस कार्यवाही विवरणः—

आज दिनांक 27.09.2025 को सीएसटी प्रभारी श्री श्याम सिंह सउनि को जरिये खास मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि सालावास रेलवे क्रासिंग से सालावास गांव की तरफ जाने वाली मुख्य रोड के किनारे नरेन्द्र एवं इमाम के बाडे में एचपीसीएल कम्पनी के टेंकर नम्बर आर.जे 19 जी.एच 5291 में तेल भरा हुआ है, जिसमें से चोरी एवं मिलावट कर छोटे वाहनो में डाला जा रहा है, अगर तुरन्त दबिश दी जावे तो वृहद स्तर पर तेल चोर का गिरोह का भंडाफोड किया जा सकता है। उक्त सूचना पर सीएसटी प्रभारी मय जाब्ता मौके पर पहुंचे तो बाडे के अन्दर एचपीसीएल कम्पनी का टेंकर नम्बर आर.जे 19 जी.एच 5291 खडा मिला, जिसके उपर का लॉक टुटा हुआ एवं ढक्कन में एक पाईप लगा हुआ जिसके द्वारा तेल पास में रखे हुए ड्रमों में मोटर द्वारा भरा जा रहा था। टेंकर में लगभग 20,000 लीटर पेट्रोल एवं डीजल भरा हुआ मिला। टेंकर के पास मे ही 01 पिकअप

वाहन नम्बर आर.जे 19 जी.ई 3886 खडी मिली जिसमें थिनर के कुल 11 ड्रम पाये गये, अन्य वाहन इसूजू नम्बर आर.जे 19 जी.ई 2142 खडी मिली, जिसमें चोरी किये गये डीजल के कुल 09 ड्रम पाये गये। पास में ही स्थित एक बन्द कमरे में चोरी किये गये पेट्रोल के कुल 11 ड्रम एवं कमरे के बाहर कच्चे बरामदे में 03 ड्रम बायो डीजल के एवं 02 ड्रम थिनर के भरे हुए मिले। थोडी दूर पर स्थित एक अन्य बाडे में 04 ड्रम पेट्रोल के एवं 01 ड्रम डीजल का तथा सप्लाई में प्रयुक्त 01 दुपहिया वाहन आर.जे 19 सी.एस 0874 मिले। आस–पास 05–07 छोटे ड्रम डीजल व पेट्रोल से भरे हुए, 31 खाली ड्रम, 10–12 खाली छोटे ड्रम, 04 इलेक्ट्रिक मोटर, 09 तेल निकालने के पाईप, 06 कीमे, 02 ड्रम खोलने की चाबी एवं 01 इनवर्टर सहित चोरी एवं मिलावट में प्रयुक्त अन्य उपकरण कब्जा पुलिस लिये गये। मौके से मुख्य संचालक इमाम खान एवं नरेन्द्र सांई सहित कुल 11 व्यक्तियों को दस्तयाब किया गया। दस्तयाबशुदा व्यक्ति निम्नानुसार मुख्य संचालक, बाडे का मालिक, टेंकर मालिक, तेल भरने वाला, ग्राहक, तेल बेचने वाला, टेंकर चालक, ड्रम लोड–अनलोड करने वाला, पिकअप चालक, खलासी व मोटर से तेल भरने एवं निकालने वाले थे। ताबाद सीएसटी प्रभारी द्वारा उच्चाधिकारियों को हालात निवेदन कर सहायक पुलिस आयुक्त वृत बोरानाडा एवं थानाधिकारी पुलिस थाना विवेक विहार को सूचित कर मौके पर अग्रिम विधिसम्मत कानूनी कार्यवाही हेतु सुपूर्द किया। जिस पर ईसी एक्ट एवं बी.एन.एस 2023 की अपराध धाराओ में प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्यवाही अमल में लायी गई।

नाम पता मुल्जिम :–

1. नरेन्द्र पुत्र श्री चैनाराम जाति जाट उम्र 33 साल निवासी रेलवे स्टेशन के पास सालावास पुलिस थाना विवेक विहार जोधपुर पश्चिम।
2. इमाम पुत्र श्री ईस्माईल खान जाति मुसलमान उम्र 39 साल निवासी सालावास पुलिस थाना विवेक विहार जोधपुर पश्चिम।
3. हेमाराम पुत्र श्री केवलराम जाति घांची उम्र 38 साल निवासी घांचियो का बास नन्दवान पुलिस थाना विवेक विहार जोधपुर पश्चिम।
4. लक्ष्मण पुत्र श्री प्रेमाराम जाति पटेल उम्र 22 साल निवासी पटेलो का बास सालावास पुलिस थाना विवेक विहार जोधपुर पश्चिम।
5. बाबुलाल पुत्र श्री मांगीलाल जाति मेघवाल उम्र 22 साल निवासी रेलवे स्टेशन के पास सालावास पुलिस थाना विवेक विहार जोधपुर पश्चिम।
6. उदयसिंह पुत्र श्री कल्याण सिंह जाति राजपूत उम्र 45 साल निवासी बालेसर पुलिस थाना बालेसर जोधपुर ग्रामीण।
7. मोहनराम पुत्र श्री बुधाराम जाति पटेल उम्र 44 साल निवासी मोगडा कलां पुलिस थाना विवेक विहार जोधपुर पश्चिम।
8. जितेन्द्र सिंह पुत्र श्री बहादुर सिंह जाति राजपूत उम्र 27 साल निवासी भुंगला नवलगढ पुलिस थाना गुढा गोन्दजी जिला झुंझनू।
9. श्रवण पुत्र श्री ओमप्रकाश जाति जाट उम्र 31 साल निवासी सालवा कला पुलिस थाना डांगियावास जोधपुर पूर्व।
10. प्रेमाराम पुत्र श्री कानाराम जाति पटेल उम्र 30 साल निवासी मोगडा कलां पुलिस थाना विवेक विहार जोधपुर पश्चिम।
11. जितेन्द्र पुत्र श्री हापु जाति राजपूत उम्र 34 साल निवासी सालावास पुलिस थाना विवेक विहार जोधपुर पश्चिम।

कार्यवाही में शामिल टीमः–

1. श्री आनन्द सिंह राजपुरोहित सहायक पुलिस आयुक्त वृत बोरानाडा मय टीम।
2. श्री दिलीप खदाव नि.पु. थानाधिकारी पुलिस थाना विवेक विहार मय टीम।
3. श्री श्यामसिंह सउनि प्रभारी सी.एस.टी मय टीम (विशेष भुमिका)

,